सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस

छोटे स्तर के किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य

इंदौर। छोटे किसानों को संगठित कर उन्हें सही समय पर धन और परामर्श देने का काम करने वाले कृषि उत्पाद संगठनों (एफपीओ) के लिए जहां एक तरफसरकार ने कई घोषणाएं की है और उनकी संख्या बढाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं दूसरी तरफज़रूरत के समय उन्हें धन की उपलब्धता करने के लिए चुनिन्दा बैंक या वित्तीय संगठन ही राज़ी होते हैं। मध्यप्रदेश में आज 500 से अधिक कृषि उत्पाद संगठन सक्रिय हैं जो कि छोटे किसानों को संगठन की शक्ति देने के साथ-साथ उन्हें सही परामर्श और समय पर बीज-खाद खरीदने के लिए धन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करते हैं। लेकिन इन्हें लोन देने वाली संस्थाएं चुनिन्दा ही हैं, जो कि 14-15 प्रतिशत ब्याज दर पर उन्हें लोन देती हैं। एफपीओ को लोन देने वाली एक संस्था किसानधन के वाईस प्रेसिडेंट पंकज कुमार अजमानी ने बताया कि देशभर में आज की तारिख में 4000 एफपीओ सक्रिय हैं।